# महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर (म.प्र.)

कार्यालय : फोन : 07682–244442, फैक्स : 07682–244442
E-mail - mchhatrasaluniversity@gmail.com

क्रमांक / 3452 / भण्डार / निविदा / 2024 छतरपुर, दिनांक 25/7/2024

## (वित्तीय अंकेक्षण कार्य के संबंध ई–निविदा)

## ई–निविदा आमंत्रण–सूचना

महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा वित्तीय अंकेक्षण कार्य हेतु वर्ष 2023–24, 2024–25, 2025–26 तथा 2026–27 के लिए निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदाएँ | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खुलने की तिथि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय अंकेक्षण कार्य हेतु ई–निविदा | — | As online 05.09.2024 | As online 06.09.2024. | 10,000 |

निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mcbu.ac.in एवं www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड करने पर निविदा प्रपत्र की कीमत 1000/– रूपये (ऑनलाइन) जमा पत्रक संलग्न करना होगा। निविदाकार को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि 10,000/– रू0 (ऑनलाइन) कुलसचिव महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर के नाम जमा करना होगा।

निविदा शर्ते, सामग्री की सूची एवं विस्तृत जानकारी बेवसाइड से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष कमेटी द्वारा खोली जायेंगी।

कुलसचिव
महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,
छतरपुर (म0प्र0)

पृष्ठा.क्रमांक / 3453 / भण्डार / निविदा / 2024 छतरपुर, दिनांक 25/7/2024

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलगुरू महोदया के निज सचिव, म0छ0बु0वि0वि0 छतरपुर।
2. आयुक्त जनसंपर्क संचालनालय वाणगंगा रोड़ भोपाल की ओर भेजकर अनुरोध है, कि प्रादेशिक समाचार पत्रों में निविदा सूचना का प्रकाशन कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी आई.टी. सेल म0छ0बु0वि0वि0 www.mcbu.ac.in वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
4. वित्त नियंत्रक, म0छ0बु0वि0वि0 छतरपुर।
5. कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा हेतु ।

कुलसचिव
महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,
छतरपुर (म0प्र0)

## ई-निविदा के संबंध में CA फर्म द्वारा पूरी की जाने वाली अनिवार्य शर्तें

(1) CA फर्म में न्यूनतम 8 फुल टाइम पार्टनर होने चाहिये जिसमें से न्यूनतम 3 पार्टनरों का FCA होना आवश्यक है । (संलग्नक : दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में ICAI Constitution Certificate)

(2) CA फर्म को अस्तित्व में आये हुये कम से कम 10 वर्ष पूर्ण किये हुये होने चाहिये । (संलग्नक : दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में ICAI Constitution Certificate)

(3) CA फर्म को C&AG अंतर्गत सूचीबद्ध होना चाहिये । (संलग्नक : CAG पंजीयन पत्र)

(4) CA फर्म में कम से कम 1 पार्टनर ISA / DISA पास किये हुये होना चाहिये । (संलग्नक : संबंधित पार्टनर का ISA / DISA Certificate)

(5) फर्म के पास PAN एवं GST नं. होना चाहिये । (संलग्नक : PAN व GST प्रमाण-पत्र)

(6) CA फर्म का पिछले 3 वित्तीय वर्षों (2020-21, 2021-22 & 2022-23) का सालाना औसत टर्नओवर कम से कम 25 लाख रुपये होना चाहिये । (संलग्नक : वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 & 2022-23 के अंकेक्षित वित्तीय विवरण)

(7) फर्म का मुख्यालय म. प्र. राज्य में स्थित होना चाहिये तथा इसके साथ ही कार्य सुगमता के दृष्टिकोण से फर्म का एक शाखा कार्यालय सागर संभाग अंतर्गत स्थित होना अनिवार्य है । (संलग्नक : दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में ICAI Constitution Certificate)

(8) CA फर्म के पास पिछले 10 वर्षों में कम से कम 10 सरकारी / अर्द्ध-सरकारी / पब्लिक सेक्टर यूनिट के लेखा कार्य अथवा अंकेक्षण (सांविधिक / वित्तीय / आंतरिक) कार्य का अनुभव होना चाहिये, इस हेतु कार्य आदेशों की गणना प्रति वर्ष के हिसाब से की जायेगी अर्थात अगर CA फर्म द्वारा किसी सरकारी / अर्द्ध-सरकारी / पब्लिक सेक्टर यूनिट के लेखा कार्य अथवा अंकेक्षण (सांविधिक / वित्तीय / आंतरिक) का कार्य 3 वर्षों तक किया जाता है तो उसको गणना के दौरान कुल 3 के हिसाब से माना जायेगा । (संलग्नक : संबंधित कार्य आदेश / नियुक्ति पत्र)

(9) उक्त लिखित अनिवार्य शर्तें CA फर्म द्वारा दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में पूर्ण की जानी चाहिये ।

(10) CA फर्म उपरोक्त वर्णित सभी अनिवार्य शर्तों के संबंध में दिये गये संलग्नकों को ऑनलाइन बिड सबमिट करते समय तकनीकी बिड के साथ क्रम से संलग्न करें एवं संबंधित संलग्नकों पर निम्नलिखित अंकित करें :-

<u>वित्तीय अंकेक्षण कार्य के संबंध में ई-निविदा संबंधी अनिवार्य शर्त के बिंदु क्रमांक ........ की प्रतिपूर्ति हेतु संलग्नक</u>

कुलसचिव
महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय
छतरपुर (म.प्र.)

# ई-निविदा के संबंध में विशिष्ट शर्तें

(1) विश्वविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं उसके पिछले के 4 वित्तीय वर्षों में लेखा कार्य / कर संबंधी कार्य / सलाहकार सेवा कार्य / अंकेक्षण कार्य हेतु नियुक्त CA फर्म / फर्में उक्त कार्य हेतु पात्र नहीं होंगी ।

(2) प्रथमतः कार्य आदेश एक वर्ष हेतु जारी किया जायेगा तथा कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर उक्त कार्य आदेश ई-निविदा अनुसार आगामी वर्षों हेतु बढ़ाया जा सकेगा ।

(3) निविदाकर्ता फर्म द्वारा वित्तीय अंकेक्षण कार्य के पूर्ण होने तथा दिये गये कार्य विवरण अनुसार अभिलेख / रिपोर्ट आदि लेखा कार्यालय में जमा करने के उपरांत संबंधित वर्ष का बिल प्रस्तुत करने पर वार्षिक आधार पर भुगतान किया जायेगा ।

(4) अंतिम रूप से चयनित की गयी फर्म को कार्यादेश के कुल मूल्य का 3% सुरक्षा निधि के रूप में जमा करना होगा जो कि संबंधित कार्य सफलता पूर्वक करने के उपरांत वापसी योग्य होगा ।

(5) महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा समस्त अनिवार्य शर्तों को पूरा करने वाली तकनीकी रूप से योग्य फर्मों में से सबसे कम दर (उल्लिखित न्यूनतम दर की सीमा को ध्यान में रखते हुये) प्रस्तुत करने वाली CA फर्म को इस कार्य हेतु चुना जायेगा ।

(6) वित्तीय अंकेक्षण के संबंध में उल्लिखित न्यूनतम दर से कम दर प्रस्तुत करने वाली CA फर्म अयोग्य मानी जायेगी ।

(7) लेखा कार्य, कर संबंधी कार्य तथा सलाहकार सेवा कार्य हेतु चुनी गयी CA फर्म स्वतः वित्तीय अंकेक्षण कार्य हेतु अयोग्य मानी जायेगी ।

(8) तकनीकी रूप से योग्य फर्मों में से अगर किन्हीं 2 या 2 से अधिक CA फर्मों की न्यूनतम दर समान पायी जाती है तो इस संबंध में उस फर्म को प्रथम वरीयता दी जायेगी जिसका पिछले 3 वित्तीय वर्षों (2020-21, 2021-22 & 2022-23) का सालाना औसत टर्नओवर ज्यादा होगा ।

(9) म. प्र. राज्य अंतर्गत MSME के रूप में पंजीकृत CA फर्मों को निविदा मूल्य तथा धरोहर राशि (EMD) जमा करने के संबंध में छूट प्राप्त होगी, इस संबंध में छूट प्राप्ति हेतु CA फर्म को MSME अंतर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र MP Tender पर ऑनलाइन अपलोड करना होगा ।

(10) किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम माना जायेगा ।

(11) महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा उक्त ई-निविदा को किसी भी समय विना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

कुलसचिव
महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय
छतरपुर (म.प्र.)

(तकनीकी बिड के साथ संलग्न करें)

प्रति,

कुलसचिव,

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय

छतरपुर (म. प्र.)

विषय : वित्तीय अंकेक्षण कार्य के संबंध में ई-निविदा.

महोदय,

उपरोक्त ई-निविदा के संबंध में हमारी फर्म की मूलभूत जानकारी निम्न प्रकार है :

| क्रमांक | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | CA फर्म का नाम | |
| 2. | ई-निविदा के संबंध में CA फर्म के अधिकृत पार्टनर का नाम | |
| 3. | फर्म के मुख्यालय का पता | |
| 4. | फर्म के सागर संभाग अंतर्गत स्थित शाखा कार्यालय का पता | |
| 5. | फर्म का दूरभाष नं. | |
| 6. | फर्म का मोबाइल नं. | |
| 7. | फर्म की ई-मेल आई. डी. | |

## घोषणा पत्र

हमारी CA फर्म ............................................................ द्वारा महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ई-निविदा (वित्तीय अंकेक्षण कार्य) की सभी अनिवार्य शर्तें पूरी की जाती हैं तथा हमारी फर्म ई-निविदा की विशिष्ट शर्तों के अधीन कार्य करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करती है ।

(अधिकृत पार्टनर के हस्ताक्षर सील सहित)

दिनांक :

स्थान :

(तकनीकी बिड के साथ संलग्न करें)

## UNDERTAKING
## (on behalf of CA Firm)

I, partner of M/S ............................................................................................... ,

Chartered Accountants do hereby declare : -

(i) That the particulars given by me / us are complete and correct to the best of our knowledge and that if any of the statements made or the documents / informations so furnished in the tender / application form is later found incorrect or false or there has been suppression of material informations, the firm would not stand disqualified from allotment but would be liable for disciplinary action under the Chartered Accountants Act, 1949 and the regulation framed there under.

(ii) That the Firm or Partners have not been debarred or cautioned by ICAI during the last three years.

Date : (Signature of Authorised Partner with Seal)

Place :

## विश्वविद्यालय में वित्तीय अंकेक्षण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण दर के संबंध में पत्रक

### (वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 तथा 2026-27 हेतु)

(तकनीकी बिड के साथ संलग्न न करें अपितु वित्तीय बिड में अलग से भरें)

CA फर्म का नाम : ..............................................................................

| क्रमांक | कार्य का विवरण | दर का आधार | न्यूनतम दर अंकों में (GST छोड़कर अन्य समस्त व्यय एवं कर सहित) | CA फर्म द्वारा प्रस्तावित दर अंकों में (GST छोड़कर अन्य समस्त व्यय एवं कर सहित) | CA फर्म द्वारा प्रस्तावित दर शब्दों में (GST छोड़कर अन्य समस्त व्यय एवं कर सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय का वित्तीय अंकेक्षण | प्रति वर्ष | 30,000/- | | |
| 2. | अन्य मदों / योजनाओं का वित्तीय अंकेक्षण | | | | |
| (A) | NSS | प्रति वर्ष | 5,000/- | | |
| (B) | JAN BHAGIDARI | प्रति वर्ष | 5,000/- | | |
| (C) | AUTONOMOUS | प्रति वर्ष | 5,000/- | | |
| (D) | SN BANERJEE TOURNAMENT | प्रति वर्ष | 5,000/- | | |
| (E) | STADIUM | प्रति वर्ष | 5,000/- | | |

<u>निविदा मूल्य की गणना</u> : वित्तीय अंकेक्षण कार्य हेतु चयन के संबंध में ई-निविदा के कुल मूल्य की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी : -

(1) समस्त अनिवार्य शर्तों को पूरा करने वाली तकनीकी रूप से योग्य फर्मों में से सबसे कम दर (उल्लिखित न्यूनतम दर की सीमा को ध्यान में रखते हुये) प्रस्तुत करने वाली CA फर्म को इस कार्य हेतु चुना जायेगा ।

(2) वित्तीय अंकेक्षण के संबंध में उल्लिखित न्यूनतम दर से कम दर प्रस्तुत करने वाली CA फर्म अयोग्य मानी जायेगी ।

(3) लेखा कार्य, कर संबंधी कार्य तथा सलाहकार सेवा कार्य हेतु चुनी गयी CA फर्म स्वतः वित्तीय अंकेक्षण कार्य हेतु अयोग्य मानी जायेगी ।

(4) अगर संबंधित प्रक्रिया में किन्हीं 2 या 2 से अधिक CA फर्मों की न्यूनतम दर समान पायी जाती है तो फिर उस फर्म को प्रथम वरीयता दी जायेगी जिसका पिछले 3 वित्तीय वर्षों (2020-21, 2021-22 & 2022-23) का सालाना औसत टर्नओवर ज्यादा होगा ।

(5) किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम माना जायेगा ।

(6) विश्वविद्यालय द्वारा उक्त ई-निविदा को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

16.07.24

कुलसचिव
महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय
छतरपुर (म.प्र.)